


## सार-समाचार

### शिक्षा ही समाज का दर्पण : रामजी भाई पटेल

**गुड़ामालानी,** (निसं)। मुख्यालय पर गरीब परिवार के बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने वाली कर्मभूमि सेवा संस्थान की ओर से सम्मान समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी रामजी भाई पटेल,तहसीलदार विकास कुमार सारण ,रिडर लक्ष्मीनारायण, जिला परिषद सदस्य नरपतराज मुड,आरएलपी अध्यक्ष ताजाराम चौधरी,डॉ ज्ञानेंद्र शर्मा,भामाशाह टिकमाराम पटेल,भरत जैन, सरपंच आसुराम गुडलिया,अध्यक्ष सीता चौधरी, किन्नर सीमा बाई के सानिध्य में आयोजित हुआ । मां सरस्वती कि तस्वीर के आगे दीप प्रज्वलित कर कार्यक्र का शुभारंभ किया गया। कर्म भूमि सेवा संस्थान के सचिव बाबुलाल चौधरी ने बताया कि सम्मान समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपखंड अधिकारी रामजी भाई पटेल ने कहा कि असहाय बच्चों को निशुल्क शिक्षा देकर कार्य करने वाले संस्थान के सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा इस संस्थान में भामाशाह ज्यादा से ज्यादा सहयोग देकर बच्चों का भविष्य उज्जवल करे। कार्यक्रम में आए अतिथियों ने संबोधित कर अपने अपने विचार प्रकट किए । कार्यक्रम में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रशिक्षित पत्र देकर सम्मानित किया गया । वहीं बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । भामाशाहो के द्वारा संस्थान में सहयोग देने के साथ किन्नर सीमा बाई के द्वारा भी पांच हजार रुपए सहयोग दिया गया। कार्यक्रम में पटवारी नरसीराम चौधरी,केलाश भार्गव,अणदु चौधरी, कौशल्या देवी वैष्णव, रमेश सुथार, पुखराज हुड्डा, निम्बाराम चौधरी,हरदाराम चौधरी, सहित कई गणमान्य नागरिक एवं संस्थान के सदस्यों एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन मनोज कालीराणा के द्वारा किया गया।

### अग्रवाल सम्मेलन की तैयारी पर चर्चा

**पिंडवाडा,** (निसं)। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के तत्वाधान में आगामी 23 जुलाई को विद्याधर नगर स्टेडियम जयपुर में आयोजित होने वाले अग्र महाकुंभ को ले कर सिरोही जिला अग्रवाल सम्मेलन की समीक्षा बैठक पिंडवाडा के अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित की गयी। जिसमे मौजूद लोगों को जिले के सभी अग्र परिवार, युवा शक्ति, मातृशक्ति को अधिक से अधिक संख्या में जयपुर चलने के लिये आग्रह किया गया तथा सभी कार्यकर्ताओं को अलग अलग जिम्मेदारी सौपी गयी । अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष नितिन बंसल ने बताया की अग्रमहाकुंभ को लेकर सभी अग्रबंधुओं में भारी जोश और उत्साह है और सिरोही जिले से हजारों की संख्या में अग्रवाल परिवार जयपुर पहुँचेंगे। अग्रमहाकुंभ का उद्देश्य समाज की एकता के लिए, व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए, समाज का राजनीतिक अस्तित्व के लिए, अग्रोहा के विकास को लेकर किया जा रहा है वही प्रदेश सह- सचिव गंगाराम गोयल ने घर घर जा कर अग्रबंधुओ को जयपुर चलने के लिए आग्रह किया। साथ ही जयपुर चलने के लिये बसों की व्यवस्था के बारे में बताया। बैठक में सिरोही जिला युवा अध्यक्ष कपिल अग्रवाल, श्रवण अग्रवाल, प्रदेश मानव सेवा संयोजक सुनील, महिला प्रदेश सह सचिव संगीता बंसल , प्रदेश महिला उपाध्यक्ष ललिता बंसल, जिला संगठन मंत्री जितेन्द्र अग्रवाल, नरेश अग्रवाल ,चेतन अग्रवाल, युवा उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, अनुज गोयल महिला उपाध्यक्ष राधा मित्तल, पूनम अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### शुभ सोचना चाहिए : विजय हार्दिक

**जालोर,** (कासं)। जालोर शहर के नंदीश्वर द्वीप तीर्थ में लीला देवी चंपालाल भंडारी परिवार की ओर से आयोजित चातुर्मास के तहत रविवार को आचार्य विजय हार्दिक रत्न सूरिश्वर ने जीवन में सामायिक का महत्व बताते हुए कहा कि हमारी सामायिक भी पुण्या श्रावक जैसी होनी चाहिए। आध्यात्मिक चातुर्मास मीडिया प्रभारी हीराचन्द भण्डारी ने बताया कि आचार्य ने प्रवचन देते हुए कहा कि समय का जैन धर्म में अत्यंत महत्व है। सामायिक हमें एकाग्र करती है। विराधना से बचाती हैं। हमें हर दिन एक घंटे सामायिक अवश्य करनी चाहिए। धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्य ने कहा कि हमें हमेशा शुभ और मंगल सोचना चाहिए। क्योंकि हम जैसा सोचते हैं ,वैसा ही बन जाते हैं। सदैव जगत का कल्याण और विश्व का मंगल विचारे, तो हमारे जीवन में भी मंगलमय होगा। कुविचार एवं गलत सोच नकारात्मकता पैदा करती है। जीवन में निराशा और हताशा का माहौल बनाती है। इसलिए सदैव शुभ सोचे। परमात्मा महावीर प्रभु ने संसार के सभी जीवो के कल्याण की बात कही। हमें उन्हीं का अनुसरण करना चाहिए। धर्म हमें सद् राह दिखाता है। धर्म सभा को मुनिराज आनंद मंगल विजय ने भी संबोधित किया। चातुर्मास के दौरान हर रविवार को अट्ठारह अभिषेक का आयोजन हो रहा है। सोमवार को कमलाबेन जगदीशमल मेहता की ओर से सामायिक का आयोजन होगा। धर्मसभा में पवनचन्द सोंलकी, हुकमीचन्द जैन, मदनराज जैन, पुष्पराज बोहरा, सुरेशकुमार कांनूगा, एडवोकेट तरूण सोंलकी, बंसन्त सोलंकी इत्यादि सैकडों श्रावक व श्राविकाए मौजूद थे।

### वीररत्न सूरीजी का देवलोकगमन

**पिण्डवाड़ा,** (निसं)। पिंडवाडा शहर में अवतरित जैन समाज के महान संत चंद्र वालदन, मालवा भूषण आचार्य भगवंत विजय वीररत्नसूरि महाराज का कालधर्म 14 जुलाई दोपहर 2.35 मिनिट पर तिलक नगर इंदौर जैन संघ में हुआ। जिनका अग्नि संस्कार रविवार दोपहर 12.39 बजे किया गया। वेप्स मंडल पिण्डवाडा अध्यक्ष मनिष जैन के अनुसार इस अवसर पर भारत भर के राज्यो से हजारो की संख्या में भक्त परिवार पहुंचकर गुरुदेव के अग्नि संस्कार सम्बंधित विविध चढावो में सभी भक्ति भाव से लाभ लिया। और सभी ने अश्रुपूर्ण भाव से गुरुदेव को अंतिम विदाई दी। पूरा पंडाल गुरुदेव के नारो से गुंजायमान हुआ। गुरुदेव ने शासन प्रभावना के अदभूत कार्य किये है। गुरुदेव का संसारी नाम उत्तमकुमार था। इनका जन्म फागुण सुद 3 वि म संवत 2008 वर्ष 28 फरवरी 1952 पिंडवाडा नगर में हुआ था। इनकी माता का नाम लक्ष्मीबाई एवं पिता का नाम छोगालाल पूनमचंद मरडिया था। इनकी दीक्षा पूज्य सिद्धांत महोदधि आचार्य प्रेम सूरीश्वर महाराजा के शुभ हस्तो से पिण्डवाडा की धन्यधरा पर 25 जनवरी 1964 को हुई। पिंडवाडा में संत की देवलोक गमन की खबर फैलते ही जैन समाज में शोक की लहर छा गई है।

### जिले के रक्तमित्रो की हुई बैठक

**जालोर,** (कासं)। जालोर जिले से रक्तसेवा दल ,यूथ फॉर नेशन संस्था, रोटरी क्लब, विश्व हिंदू परिषद, जालोर ब्लड डोनर ग्रुप, रायगुर फ्रेंड्स क्लब, श्रीराम फाउंडेशन, अरिहंत रक्त सारथी, विप्र फाउंडेशन चिकित्सा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक रविवार को आयोजित हुई । जिसमे इस वक्त ब्लड की जो किल्लत चल रही है, लोगो को रक्तदान के लिए प्रेरित करने, गाँवो मे केम्प आयोजित करवाने के लिए सभी संगठन संयुक्त प्रयास करें। बैठक में रक्तदान शिविर आयोजित करने, विभिन्न ग्रुप के रक्तवीरो के सम्पर्क नम्बर प्राप्त करने सहित अन्य पर चर्चा की गई। इस बैठक में सतीश सेन, आश्विन सोनी, रविशंकर दवे, रतनसिंह नून, सुरेश कुमार नून, पी बी सेन करडा, नितेश भटनागर, अधिवक्ता तरुण सिद्धावत, नवनीत दवे, मुकेश कुमार बाकरा उपस्थित रहे।

# तत्कालीन डिप्टी ,एसपी के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए

■ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति मामलात न्यायालय के विशिष्ठ न्यायाधीश पीयूष चौधरी ने विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए मुख्य सचिव गृह विभाग जयपुर को आदेश की प्रति भेजकर कार्रवाई से 6 सितम्बर तक न्यायालय को अवगत करने के आदेश दिये

**जालोर,** (कासं)। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति मामलात न्यायालय के विशिष्ठ न्यायाधीश पीयूष चौधरी ने निर्दोष व्यक्ति को आरोपी बनाकर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत करने पर न्यायाधीश ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वास्तविक का पता लगाकर निर्दोष व्यक्ति को आरोप सांराश में ही दोषमुक्ति करते हुए गलत अनुसंधान करने पर सांचोर पुलिस के तत्कालीन डिप्टी रूपसिंह इंदा व एसपी जालोर के विरूद्ध विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए मुख्य सचिव गृह विभाग जयपुर को आदेश की प्रति भेजकर कार्यवाही से 6 सितम्बर तक न्यायालय को अवगत करने के आदेश दिये गये।

प्रकरण के अनुसार जीवाराम पुत्र टाबाराम मेघवाल निवासी लाछडी ने पुलिस थाना सांचोर में रिपोर्ट पेश कर बताया कि उसके पुत्र दिलीप कुमार के साथ हरिश उर्फ हरिश कुमार पुत्र बाबूलाल निवासी हेमागुडा तहसील चितलवाना जिला जालोर व दो तीन अन्य व्यक्तियों ने 14 नवम्बर 2022 को सायं 4.20 बजे रोडवेज बस स्टेण्ड सांचोर पर मारपीट की, तब उसका पुत्र दिलीप कुमार आरोपियों के चुंगल से छुटकर अपनी जान बचाने के लिए भागा तो आरोपियों भी लाठी लेकर उसके पुत्र के पीछे उसे जान से खत्म करने के लिए भागे तो उसका पुत्र दिलीप के नेशनल हाईव नम्बर 68 पर ट्रक के टकराने से उसके शरीर पर ट्रक चढ जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सांचोर के निजी हॉस्पीटल में भर्ती करवाने के बाद गुजरात हॉस्पीटल भर्ती करवाया गया।

जीवाराम ने उसके पुत्र के साथ घटना घटित होने का सीसीटीवी फुटेज व वीडियो भी पेश किया। वही दिलीप कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई। उक्त घटना का अनुसंधान सांचोर के तत्कालीन डिप्टी रूपसिंह इंदा ने शुरू किया। अनुसंधान अधिकारी डिप्टी इंदा ने उक्त प्रकरण में ट्रक डाईवर बिटूसिंह पुत्र गुरमेलसिंह निवासी लागियाना पुलिस थाना बाघापुराना जिला मोगा पंजाब को दिलीप कुमार के साथ दुर्घटना करने का आरोपी बनाया गया। घटना के करीब तीन माह बाद 3 मार्च 2023 को मुख्य आरोपी हरिश कुमार को गिरफतार किया गया। उस दौरान न्यायाधीश चौधरी ने अनुसंधान अधिकारी से वास्तविक उक्त प्रकरण की सीसीटीवी फुटेज व विडियो देखे। जिसमें दिलीप कुमार ट्रक के नीचे आने से पहले तेजगति से आ रही कार से टकराता नजर आ रहा है। आरोप सांराश के दौरान विशिष्ठ न्यायाधीश चौधरी ने पुलिस पत्रावली देखने एवं सीसीटीवी फुटेज व विडियो देखने के बाद ज्ञात हुआ कि ट्रक चालक बिटूसिंह को पुलिस द्वारा गलत तरीके से आरोपी बनाया गया है। जिस कार के चालक की लापरवाही से दुर्घटना हुई उसे अनुसंधान अधिकारी ने छोड दिया। अनुसंधान अधिकारी ने कार चालक को बचाने के लिए गलत तरीके से प्रकरण दर्ज होने के करीब साढे तीन माह तक उसके विरूद्ध कोई कार्यवाही नही की। जब तक न्यायालय ने अनुसंधान अधिकारी को आदेश नही दिया। विशिष्ठ न्यायाधीश पीयूष चौधरी ने आरोप सांराश के दौरान आरोपी बिटूसिंह को पर्याप्त मात्रा में सबूत अभिलेख पर उपलब्ध नही होने से उस पर लगाये गये आरोपो को निरस्त कर हटाते हुए उसके विरूद्ध कार्यवाही यही समाप्त की। वही अजा - अजजा न्यायालय जालोर के विशिष्ट न्यायाधीश पीयुश चौधरी ने अनुसंधान अधिकारी द्वारा गलत अनुसंधान कर एक निर्दोश व्यक्ति ट्रक चालक को आरोपी बनाकर कार चालक को बचाते हुए गलत तथ्यो के आधार पर आरोप पत्र पेश करने पर एक लोकसेवक अनुसंधान अधिकारी डिप्टी रूपसिंह इंदा व एसपी जालोर के विरूद्ध समुचित विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए इस आदेश की एक प्रति मुख्य सचिव गृह विभाग राजस्थान सरकार जयपुर व पुलिस महानिदेशक जयपुर को भेजकर कार्यवाही पालना रिपोर्ट 6 सितम्बर तक न्यायालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।

## भाजपा की बैठक आयोजित

**रेवदर,** (निसं)। रेवदर के बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर में भाजपा सांसद देवजी एम पटेल और महंत भीमगिरी महाराज के निर्देशन में और जिला अध्यक्ष नारायण लाल पुरोहित व जिला महामंत्री जयसिंह राव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। पार्टी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने एक साथ बैठकर भोजन किया।

बैठक में सांसद देवजी पटेल ने कहा कि इस प्रकार की बैठक से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होता है, टिफिन बैठक का उद्देश्य कार्यकर्ताओ में एकजुटता और पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिये नये लोगो को पार्टी से जोड़ना है।

भाजपा जिलाध्यक्ष नारायण पुरोहित ने कार्यकर्ताओं से कहा कि टिफिन बैठक का टिफिन खाना ही नही है बल्कि इस बैठक के माध्यम से इस तरह की अनौपचारिक बैठके करते रहना है, जिससे हम सभी कार्यकर्ताओं में अधिक से अधिक एकता का संचार हो और हम सभी मिलकर पार्टी की ताकत कैसे बढ़े उस पर कार्य करें।

बैठक को जिला महामंत्री जय सिंह ने भी संबोधित किया और कहा की ये केवल भोजन नहीं था, बल्कि कार्यकर्ताओं के बीच प्रेम और स्नेह का आदान-प्रदान था और ये भाजपा के हर कार्यकर्ता का संकल्प था कि क्षेत्र के विकास और जनकल्याण में कोई कसर नहीं छोडेंगे।

इस दौरान अनादरा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कोली,मंडार मंडल अध्यक्ष रमेश चौधरी, भटाणा मंडल अध्यक्ष किशोर पुरोहित, मण्डल महामंत्री अमराराम मेगवाल,प्रकाश राज रावल, मदन जोशी,अजयवाला,जगदीश जीनगर, तखत सिंह,वरदाराम कोली, चोपाराम चौधरी,जलाराम पुरोहित,पूर्व मंडल अध्यक्ष आत्माराम वैष्णव,प्रधान प्रतिनिधि अर्जुन देवासी,युवा मोर्चा जिला महामंत्री गणपत सिंह देवडा,पूर्व जिला मंत्री अजयपाल सिंह राव,युवा मोर्चा मंडल महामंत्री प्रवीण ओड, शक्ति केन्द्र संयोजक पूरण राव, ओबीसी मोर्चा जिला मंत्री हरीश लोहार,दसरथ सोनी,जिला कोषाध्यक्ष चुनीलाल घांची,सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक कांतिलाल कोली,मन की बात जिला संयोजक मगन कोली,व्यापार प्रकोष्ठ जिला संयोजक नटवर लाल दर्जी, खेल प्रकोष्ठ जिला सहसंयोजक गोदा राम कोली, एस सी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मंडार दिनेश कोली, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष अजय ढाका, जिला उपाध्यक्ष जयदीप सिंह,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मंडार कैलाश चौधरी,रमेश कोली,कैलाश जोशी,जिला परिषद सदस्य अर्जुन राम भील,शंकर कोली,जगदीश चौधरी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मंडलावत का अभिनंदन किया

**जालोर,** (कासं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ उप शाखा जालोर की बैठक रविवार को नेहरू पार्क जालोर में ब्लॉक अध्यक्ष पुख सिंह भाटी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें जनवरी 23 में जयपुर रैली के लिए कूपन से प्राप्त राशि के आय व्यय का ब्यौरा ब्लॉक संयोजक प्रकाश नारायण माली द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसे सदन द्वारा अनुमोदित किया गया। साथ ही महासंघ जिलाध्यक्ष गोविंद सिंह के जून माह में सेवानिवृत्त होने पर उपशाखा जालौर द्वारा अभिनंदन एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर ललित कुमार सूरीयाल, कैलाश कुमार खत्री, गोपाल सिंह चौहान, दलपत सिंह आर्य, शहजाद खान, पोकाराम सोलंकी, ओमाराम सोनल, मुकेश शर्मा, महिपाल सिंह , नेनाराम, पप्पू राम,कैलाश गर्ग सायला, सुरेंद्र सोलंकी मौजूद रहे।

## नैनिहालो को शिक्षा के प्रति जागृत कर किए बैग वितरण

**जालोर,** (कासं)। जरुरतमंद पशु पालकों के बालक बालिकाओं को शिक्षा के प्रति जागरूकता के लिए शिव सांई सेवा समिति मालवाडा की ओर से उन्हें स्कूली शिक्षा से जोडने के लिए अभियान चलाकर जोडा जा रहा है। शिव सांई सेवा समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार खण्डेलवाल ने बताया कि रानीवाडा के मालवाडा की बस्ती के जरुरतमंद पशु पालकों के बालक बालिका स्कूली शिक्षा से वंचित नहीं रहे। इसलिए समिति द्वारा विभिन्न योजना, प्रोत्साहन सहयोग देकर उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित करने के लिए समिति के कार्यकर्ताओं ने बीडा उठाकर अभियान चलाया जा रहा है।

## कांग्रेस के सिरोही अध्यक्ष का रेवदर में स्वागत किया

**रेवदर,** (निसं)। कांग्रेस पार्टी सिरोही के जिलाध्यक्ष आनन्द जोशी के रेवदर पहुंचने पर हुआ स्वागत अल सुबह से ही रेवदर पंचायत समिति परिसर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित जन प्रतिनिधि व आमजन सहित सैकडों की संख्या के द्वारा नव नियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष आनन्द जोशी के रेवदर पहुंचने पर साफा पहनाकर फूलमालाओं व , ढोल धमाकों व पटाखे फोड कर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।

कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही सैकडों की संख्या में जिले से आए हुए तमाम पार्टी कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न जाति के पंचो सहित आम जन ने फूल माला व साफा पहनाकर खुशी जाहिर की। सभा स्थल पर इस प्रकार का माहौल पिछले कई समय के बाद में देखा गया। जिसमें जनता के अपार प्रेम देखते हुए पंडाल छोटा पड गया।

वहीं रेवदर ब्लॉक एनएसयूआई द्वारा 21 किलो की फूलमाला नव नियुक्त जिलाध्यक्ष आनन्द जोशी का स्वागत किया गया। वहीं मंच का संचालन महिपाल राजपुरोहित ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष आनन्द जोशी ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है उस पर में खरा उतरूंगा ओर में हमेशा कार्यकर्ताओं के लिए तैयार रहूंगा।

इस दौरान रेवदर ब्लॉक अध्यक्ष लाखाराम चौधरी, मोहन सिंह निम्बज, केपी सिंह दबानी, संध्या चौधरी, जामत सिंह अनादरा, मोतीराम कोली पूर्व प्रधान, छगन सोलंकी पूर्व प्रधान, सवाराम सोरडा, सौभाग्य सिंह भटाणा, शिवराज सिंह मंडार, इब्राहिमखान मंडार, महिपाल राजपुरोहित रेवदर, अणदाराम गरासिया पूर्व प्रधान, लालाराम गरासिया पूर्व विधायक, हिमपाल सिंह देवल, रशीद भाई पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, नीतीश अग्रवाल सरपंच दत्तानी, देवीदान चारण करोटी, सुरता राम देवासी, दलपत सिंह नागणी, प्रकाश भाई उपसरपंच रेवदर, मुकेश पंडित, गोकुल जोशी , असकर खान रेवदर सहित कई जने मौजूद रहे।

## नर्सेज कर्मियों का धरना प्रदर्शन कल

**जालोर,** (का.सं.)। राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति जालोर के पदाधिकारियों की बैठक में रविवार को राजकीय चिकित्सालय में आयोजित कर नर्सिंग के ग्यारह सूत्री मांग पत्र के आंदोलन के अंतर्गत 18 जुलाई से चिकित्सालय के मुख्य द्वार पर धरने का ऐलान किया।

संयुक्त संघर्ष के संयोजक शहजाद खान ने बताया कि बैठक में संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने 11 सूत्री मांग पत्र पर विस्तृत चर्चा की। जिसमें केंद्र के समान वेतन भत्ता बीएससी एमएससी डिग्री धारी नर्सिंग कर्मियों को उच्चशिक्षाभत्ता ,सातवें वेतन आयोग की रिपोर्ट सार्वजनिक करना, एएनएम एलएचवी, ट्यूटर का पदनाम परिवर्तन करने आदि मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। बैठक में जालौर जिले के सभी ब्लॉकों में संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों द्वारा दौरा कर समस्त नर्सेज कर्मियों को जागरूक करना एवं 23 अगस्त को जयपुर में होने वाली रैली के लिए आमंत्रण का निर्णय लिया। बैठक में राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष गोविन्दसिंह मंडलावत, राज्य नर्सेज एसोसियेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र भारती, नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति के सह संयोजक वीरमा राम राणा, रमजान खान, राजस्थान राज्य नर्सेज एसोसियेशन के जिलाध्यक्ष गौतम कुमार, राजस्थान नर्सेज एसोसियेशन एकीकृत के जिला अध्यक्ष श्रवण विश्नोई, अशोक विश्नोई, राजस्थान नर्सेज टीचर एसोसिएशन के पवन कुमार ओझा, एएनएम एलएचवी संघ की नारायणी सोनी,शारदा परिहार, हुकमाराम, सुरेन्द्र सोलंकी आदि उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कोर्स आयोजित

**जोधपुर,** (कासं)। डॉक्टर एसएन मेडिकल कॉलेज की इंडियन रिससिटेशन काउंसिल फैडरेशन के ट्रेनिंग सेंटर में राजस्थान का पहला ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कोर्स का आयोजन हुआ। डॉक्टर एसएन मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल एंड कंट्रोलर डॉक्टर दिलीप कच्छावा व अधीक्षक महात्मा गांधी हॉस्पिटल डॉ राजश्री बेहरा ने कहा कि यह राजस्थान का पहला ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कोर्स है जोकि डॉक्टर एसएन कॉलेज में आयोजित हो रहा है एवम इसमें राजस्थान के विभिन्न हिस्सों से आए डॉक्टरों ने भाग लिया। सीआरटीसी कोऑर्डिनेटर्स डॉक्टर नवीन पालीवाल ने बताया कि इस ट्रेनिंग के दौरान सी ओ एल एस, बी सी एल एस व सी सी एल एस जोकि भारतीय संदर्भ और जनसंख्या के अनुसार बनाई गई गाइडलाइंस है ,इसकी विस्तृत जानकारी व किस तरह हर आम आदमी व डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ को इसकी महत्ता उपयोगिता के बारे में सैंसिटाइज कर सकते हैं पर विशेष रुप से ट्रेनिंग दी गई। साथ में यह भी बताया गया कि आई आर सी एफ गाइडलाइंस हमारी लोकल परिस्थितियों व हमारा इंफ्रास्ट्रक्चर देखते हुए बनाई गई है। इनके उपयोग से कैसे हम कम से कम संसाधन यूज करते हुए ज्यादा से ज्यादा जाने बचा सकते हैं। सीआरटीसी को कोऑर्डिनेटर डॉक्टर पूजा बिहानी ने बताया की सी ओ एल एस टी ओ टी मैं डेलीगेट्स को समझाया गया कि किस तरह आम जनता को सी ओ एल एस के लिए मोटिवेट करें तथा सही टेकनीक से चेस्ट कंप्रेशन कैसे सिखाया जावे के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही किस नंबर पर संपर्क करे व साथ ही क्या जानकारी दे। बी सीएलएसटीओटी में डॉक्टर्स को बीसीएलएस की ट्रेनिंग देने का तरीका सिखाया गया। सी सी एल एस कोर्स में कार्डियक अरेस्ट प्रिवेंशन से लेकर पोस्टकार्डियक अरेस्ट रिटर्न ऑफ स्पॉन्टेनियस सर्कुलेशन के बाद तक का प्रशिक्षण सिलसिलेवार तरीके से दिया गया। इस कोर्स के संचालन में स्किल सेंटर इंचार्ज प्रिया व पवन का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### मेडिकल कॉलेज में पारसमल भंडारी का देहदान

**जोधपुर,** (कासं)। सी-186 पहला एक्सटेंशन, कमला नेहरू नगर, नंदनवन निवासी 81 वर्षीय वयोवृद्ध पारसमल भंडारी का रविवार 16 जुलाई 2023 को निधन के पश्चात् उनकी पत्नी कमलेश, पुत्र दीपक, हर्षिता, श्रेयांस सुराणा, विदिशा, नीतू, कार्तिक व अविक ने मृतक की इच्छानुसार देहदान का निर्णय लेते हुए ओसवाल स्वर्गाश्रम के सेवाभावी मुकेश गोदावत व रक्तदाता तरूण कटारिया से संपर्क किया। परिजनों ने देहदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया को समझकर समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की एवं सांय 5 बजे पारसमल भंडारी की पार्थिव देह डॉ. सम्पूर्णानंद आयुर्विज्ञान महाविद्यालय को शोध व अनुसंधान हेतु समर्पित की। अनेक धार्मिक संस्थाओं से जुडे मृतक की पत्ना कमलेश का मत है कि मृत्यु के बाद भी छात्रों के अध्ययन व शोध के लिए यह शरीर काम आता है तो इसे जलाने के स्थान पर देहदान ही किया जाना चाहिए। इस अवसर पर बडी संख्या में जैन समाज के लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। डॉ. एससन मेडिकल कॉलेज के शरीर रचना विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा कटारिया ने बताया कि यह इस वर्ष की 14वां तथा अब तक का 196वां देहदान है।

### जवाई नदी का महिलाओं ने किया पूजन

**जालोर,** (कासं)। जालोर के निकट आहोर तहसील के गुडा बालोतान गांव में रविवार शिवसेना आहोर महिला तहसील प्रमुख जुमी देवी बामणिया व अन्य कई महिलाओं के साथ बहती माता जवाई नदी की पूजा अर्चना की गई। जिसमें गांव की सभी महिलाएं व आमजनों ने बहती जवाई नदी को देखते हुए व किसानों के हित के लिए हर साल बहने की कामना की तथा सभी महिलाओं के साथ मंत्रोच्चार कर फुल, अगरबत्ती, नारियल चढाकर आरती की। जवाई नदी जालोर जिले के लिए गंगा नदी से कम नहीं है। वही किसानो के लिए जवाई नदी जीवन दायनी है। इस दौरान मौके पर शिवसेना आहोर महिला तहसील उपप्रमुख ममता बाराडा, महिला तहसील सचिव गोमती जोगसन, गुडा ग्राम सचिव घेवाराम, होसकीदेवी, कंचनदेवी, सतरूदेवी, कुकीदेवी, शान्तिदेवी, सारकीदेवी, गेरकीदेवी, गजीदेवी, कमलादेवी, पायल, पुष्पा, कंचन सहित अन्य 25 महिलासेना कार्यकर्ता ने जवाई नदी के पुजा अर्चना में भाग लिया।

### अब्दुल रज्जाक जिलाध्यक्ष बने

**जालोर,** (निसं)। अखिल भारतीय अब्बासी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष हाजी शकील अब्बासी ने जालोर जिलाध्यक्ष पद पर पार्षद अब्दुल रज्जाक अब्बासी को मनोनित किया। प्रदेशाध्यक्ष हाजी शकील अब्बासी ने बताया कि अब्दुल रजाक अब्बासी के कौम की खिदमत व जज्बे को देखते हुए जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। जिलाध्यक्ष पार्षद अब्दुल रजाक उर्फ पिन्टू भाई को निर्देशित किया कि अब्बासी कौम को जिले में संगठित कर राज्य व देश में मजबूत कर अखिल भारतीय अब्बासी वेलफेयर एसोसिएशन को नई ऊँचाईयां तक पहुंचायेगे। अब्दुल रजाक के जिलाध्यक्ष बनने पर अब्बासी समाज ने स्वागत कर बधाई प्रेषित की।

### अजीज दर्द आज पद ग्रहण करेंगे

**पाली,** (नि.सं.)। सोमवार को सुबह 10.30 बजे कांग्रेस भवन पाली में जिलाध्यक्ष अजीज दर्द का पदभार ग्रहण करेंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसजन, पूर्व सांसद, पीसीसी सदस्य, पूर्व व वर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष, पूर्व सभापति, पूर्व एवं वर्तमान प्रधान, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य, अग्रिम संगठन, प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, पूर्व एवं वर्तमान पार्षद सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहेंगे।

### अध्यापकों के बकाया प्रमोशन की मांग

**सिवाना,** (निसं)। राजस्थान समग्र शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर उदय सिंह डिगार ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉक्टर बी डी कल्ला को ज्ञापन प्रेषित कर स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत विभिन्न सवर्गों की विगत वर्षों की बकाया पदोन्नति तत्काल करवाने की मांग उठाई है। बाड़मेर जिला अध्यक्ष कमलेश वर्मा ने ज्ञापन में वरिष्ठ अध्यापक, व्याख्याता, प्रधानाचार्य समेत सभी वर्गों की बकाया पदोन्नति तत्काल करवा कर राहत प्रदान करने की दरख्वास्त की है।

### महेंद्र गहलोत पोकरण व रामदेवरा पहुंचे

**पोकरण,** (निसं)। राज्य के केश कला बोर्ड के अध्यक्ष महेंद्र गहलोत पोकरण और रामदेवरा के दौरे पर रहे। इस दौरान उनका समाज बंधुओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत सत्कार एवं अभिनंदन किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में राजस्थान सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।

### ओलंपिक मशाल रथ का स्वागत आज

**जालोर,** (कासं)। जिला मुख्यालय स्थित शाह पूंजाजी गेनाजी स्टेडियम में राजीव गांधी ग्रामीण व शहरी ओलम्पिक खेलो का मशाल यात्रा रथ एवं कला जत्था 17 जुलाई को सुबह पहुचेगा, जिनका प्रातः 9 बजे स्वागत एवं सम्मान किया जाएगा।